हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

13 महानदी के जर्जर अछोटा पुल की मरम्मत के...



14 नए साल में धमतरी की पटरी पर 120 की रफ्तार से...




## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**




Advt.


## खबर संक्षेप

### बायो टेक्नालॉजी की प्रायोगिक परीक्षा 20 व 23 को

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद के एमएससी जैव प्रौद्योगिकी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर नियमित, एटीकेटी, भूतपूर्व परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 20 एवं 23 मई को होगी। समस्त परीक्षार्थी परीक्षा में प्रायोगिक फाइल, लैब कोट, लेखन सामग्री अपने साथ लाएं एवं परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घण्टा पूर्व उपस्थित हों। निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में उपस्थित नहीं होने पर जवाबदारी स्वयं छात्र की होगी।

### खरेंगा में समाधान शिविर आज

**धमतरी।** ग्राम पंचायत खरेंगा में 16 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी विभागवार, ग्राम पंचायतवार दी जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शिविर आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इन शिविरों में संबंधित क्लस्टर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। शिविर स्थल पर पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। खरेंगा में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम उड़ेना, झिरिया, देवरी, दोनर, सेमरा बी, सिवनीखुर्द, बारना, झुरानवागांव, अमेठी, कलारतराई, बंजारी, परसुली, दर्री, खरेंगा, भंवरमरा, सारंगपुरी, देवपुर और ढीमरटिकुर को शामिल किया गया है।

### परखंदा की कोटवारी जमीन शून्य घोषित

**कुरूद।** ग्राम परखंदा में दो साल पहले कोटवार द्वारा कोटवारी कृषि भूमि को बेच दिया गया था। सरपंच की शिकायत के बाद अपर कलेक्टर ने उक्त भूमि के विक्रय विलेख को शून्य करते हुए पुनः शासकीय भूमि घोषित किये जाने आदेश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार परखंदा के कोटवार ठाकुरराम पिता घसिया सतनामी तथा हरिदास पिता शंभूदास को कोटवारी कार्य के दौरान ग्राम परखंदा की भूमि सेवा भूमि के रूप में प्राप्त हुई थी। ठाकुरराम को खसरा नं. 506/1 का रकबा 0.34 हे. तथा हरिदास पिता शंभूदास को खसरा नंबर 180 का रकबा 0.51 हे. भूमि कोटवारी सेवाभूमि के रूप में दी गई थी। उपरोक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में ग्राम नौकर ग्राम कोटवार सेवाभूमि के रूप में दर्ज रही है। उस भूमि को ठाकुरराम एवं हरिदास द्वारा बिना कलेक्टर की अनुमति के विक्रय कर दिया गया है। न्यायालय अपर कलेक्टर धमतरी द्वारा 5 फरवरी को उनके द्वारा बिना अनुमति के विक्रय कर दिये जाने के कारण नियमानुसार आदेश करते हुए विक्रय पत्र को निरस्त करते हुए तथा विधि एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पुनः नियमानुसार उपरोक्त भूमि को कोटवारी सेवा भूमि में दर्ज किये जाने का आदेश दिया गया है।

गंगरेल बांध के डूब प्रभावितों का आंदोलन जारी, 50 साल बाद भी नहीं हुआ व्यवस्थापन

# कलेक्टोरेट में प्रदर्शन, आज सीएम हाउस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी








कलेक्टोरेट घेराव और ज्ञापन सौंपने के बाद डूब प्रभावितों को संतोषप्रद जवाब नहीं मिला है। ऐसे में वे तय कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सीएम हाउस का घेराव करेंगे। रायपुर से लौटने के बाद गांधी मैदान में उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

गंगरेल बांध के निर्माण को 50 साल से ज्यादा का वक्त हो गया है लेकिन आज तक डूब प्रभावितों का व्यवस्थापन नहीं किया जा सका है। इससे नाराज डूब प्रभावित पिछले तीन दिन से आंदोलन पर हैं। डूब प्रभावितों ने बताया कि आत्माराम एवं अन्य 49 व्यक्तियों द्वारा गंगरेल बांध डूब प्रभावतों को मुआवजा के रूप में भूमि आवंटित करवाने के लिए उच्च न्यायालय में रिट पिटीशन प्रस्तुत किया गया था। अध्यक्ष गंगरेल बांध डूब प्रभावित जन-कल्याण समिति गंगरेल जिला धमतरी ने भी उच्च न्यायालय में रिट पिटीशन दाखिल किया था। दोनों रिट पिटीशन की एक साथ सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया कि तीन माह के भीतर जांचकर पात्र डूब प्रभावितों को भूमि आवंटित की जाए। इस आदेश को आज 4 साल हो गए हैं लेकिन आज तक भूमि आवंटन की कार्रवाई नहीं की गई है। इस उदासीनता से नाराज डूब प्रभावित आंदोलन कर रहे हैं। गांधी मैदान में उनका अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। वे वहां पर दिन रात धरने पर बैठे हुए हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को वे रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। प्रदर्शन करते हुए उन्होंने कलेक्टोरेट का घेराव किया और कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। डूब प्रभावितों ने बताया कि यहां भी उन्हें संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। अब वे तय कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। उसके बाद उनका धरना प्रदर्शन गांधी मैदान में जारी रहेगा। जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, उनका आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

प्रदर्शन करने वालों में गंगरेल बांध डूब प्रभावित जनकल्याण समिति के संरक्षक महराजी राम ध्रुव, अध्यक्ष आत्माराम ध्रुव, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर मंडावी, सचिव पुष्कर सोरी, सहसचिव घनश्याम मरकाम, कोषाध्यक्ष रोहित ध्रुव, जयकुमार सेन, जीवन कोर्राम, कुंवर सिंह, गोपाल, किसुन, प्रफुल्ल, चंद्रकांत, लीलाराम ध्रुव सहित करीब 150 डूब प्रभावित शामिल थे।

# दस जून से रेत खदानों पर लगेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- 46 भंडारण केंद्रों में तीन लाख घनमीटर रेत का होगा भंडारण



एनजीटी के नियमानुसार मानसून आने के पूर्व जिले की तमाम वैध रेत खदानों के उत्खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसी के साथ शहर सहित गांवों में निर्माण कार्यों के लिए रेत की डिमांड बढ़ गई है। इधर बारिश से पहले जिले के 46 भंडारण केंद्रों में रेत का पहाड़ बनने लगा है।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल एक दर्जन रेत खदानें वैध रूप से संचालित हो रही हैं। जबकि महानदी में अनेक अवैध रेत खदानों के संचालन की शिकायत मिलती रहती है। खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में दर्री, दोनर, नारी, परखंदा, चंद्रसूर, मंदरौद, गिरौद 1, गिरौद 2, बुड़ेनी, लीलर, परेवाडीह तथा गाड़ाडीह की खदानें वैध हैं। एनजीटी तथा शासन के निर्देशानुसार मानसून आने पर रेत खदानों से उत्खनन पर प्रतिबंध लग जाता है। 10 जून से जिले की सभी रेत खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा।

### भंडारण केंद्रों में रेत का पहाड़ बन रहा

जिले में रेत भंडारण लायसेंसियों को 9 जून तक रेत उत्खनन एवं भंडारण की छूट है। बारिश में निर्माण कार्यों में रेत आपूर्ति के लिए 46 भंडारण केंद्र हैं जिसमें लगभग तीन लाख घनमीटर रेत भंडारण की क्षमता है। बारिश का समय नजदीक आते ही भंडारण केंद्रों में रेत का पहाड़ बनने लगा है।

### रेत की डिमांड में आई तेजी

गांव सहित शहर में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं। वहीं बारिश में निजी तथा सरकारी कार्यों के लिए रेत की आवश्यकता बढ़ गई है। बारिश में रेत का दाम बढ़ने की आशंका से रेत की मांग तेज हो गई है। बताया जाता है कि बारिश में रेत के दाम में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो जाती है।

### जिले में 12 वैध खदान तथा 46 रेत भंडारण केंद्र

जिला खनिज अधिकारी एचडी भारद्वाज ने बताया कि जिले में 12 वैध खदान तथा 46 रेत भंडारण केंद्र हैं। मानसून पूर्व 10 जून से जिले की सभी रेत खदानों पर प्रतिबंध लग जाएगा।

### राजनीति विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा आज




**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के एमए राजनीति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 16 मई को सुबह 11 बजे एवं पीजीडीसीए की परीक्षा 8 बजे से होगी। सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक फाइल के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहें।

### फोनिक्स कार्यशाला 19 मई से

**धमतरी।** कृष्णा पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को अंग्रेजी पढ़ने, लिखने तथा सिखाने के उद्देश्य से निःशुल्क फोनिक्स कार्यशाला 19 मई से आयोजित की जा रही है। इसमें 5 से 10 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते हैं। पंजीयन अनिवार्य है।

डीआरजी टीम को मिली बड़ी सफलता, सर्चिंग जारी

# चमेदा के जंगल से नक्सलियों का डंप सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नक्सली विरोधी अभियान के तहत चमेदा के जंगल में सर्चिंग पर निकली डीआरजी की टीम ने जमीन में छिपाकर रखे नक्सलियों का सामान बरामद किया है। जंगल में डीआरजी की सर्चिंग जारी है।

जिले में पुलिस द्वारा नक्सल विरोधी सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डीआरजी को मुखबिर से मेचका थाना क्षेत्र के ग्राम चमेदा के जंगल में कुछ नक्सलियों के मौजूद होने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल डीआरजी की टीम ग्राम चमेदा के जंगल की सर्चिंग पर रवाना हो गई। डीआरजी के जवान जंगल में सर्चिंग कर रहे थे। इसी दौरान टीम ने जमीन में छिपाकर रखे नक्सलियों की डम्प की गई सामग्री बड़ी मात्रा में बरामद की जिसमें 10 नगर कुकर, 15 लीटर के तीन नग टिन के डिब्बे, 2 नग नीले रंग का प्लास्टिक ड्रम शामिल है। नक्सलियों द्वारा पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से कुकर बम बनाने उक्त सामग्री को डम्प कर रखा गया था।

### दो सप्ताह पहले भी बम मिला था

उल्लेखनीय है कि चमेदा के जंगल में दो सप्ताह पहले डीआरजी की टीम द्वारा की गई सर्चिंग के दौरान भी नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे कुकर बम, पाइप बम व टिफिन बम बरामद किया गया था जिसे नष्ट कर नक्सलियों द्वारा बड़ी घटना को अंजाम देने के मकसद को नाकाम किया गया था।

### अभियान जारी रहेगा

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के दिशा-निर्देश पर एएसपी-एसडीओपी नगरी शैलेन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले की डीआरजी टीम द्वारा नक्सल विरोधी सर्चिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

# स्कार्पियो ने धान से भरे ट्रैक्टर को मारी टक्कर, रिटायर्ड प्रिंसिपल की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

- नेशनल हाईवे में डांडेसरा पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा





कुरूद-नेशनल हाईवे 30 डांडेसरा पेट्रोल पम्प के पास बुधवार की रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक रिटायर्ड प्रिंसिपल मोहनलाल रात्रे की घटना स्थल में ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि ड्राइवर गुलशन रात्रे घायल हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक अपने नाती और नातिन को उनके मामा के घर धमतरी के तेलिनसती छोड़ने गया था। वापस लौटने के दरम्यान हादसे का शिकार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार की दरम्यानी रात्रि करीब 11 बजे के आसपास की है। तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ट्रेक्टर को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। वही ट्रैक्टर ट्रॉली का पिछला टायर अपने स्ट्रक्चर सहित उखड़कर सड़क से दस फीट दूर जा गिरा। हादसे में स्कार्पियो सवार मोहनलाल रात्रे खिसोरा निवासी की दर्दनाक मौत हो गई जबकि ड्राइवर गुलशन रात्रे गंभीर रूप से घायल है। उसे कुरुद के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर रायपुर रेफर किया गया है।

### करीब घंटे भर स्टीयरिंग में फंसा रहा ड्राइवर

स्थानीय लोगों की माने तो स्कार्पियो वाहन की स्पीड काफ़ी ज्यादा थी । हादसा पेट्रोल टंकी के पास हुआ है जहां हल्की से टर्निंग है। ड्राइवर हाई स्पीड होने की वजह कार को कंट्रोल नहीं कर पाया और धान से भरे ट्रैक्टर को पीछे जबरदस्त ठोकर मार दी। ड्राइवर करीब एक घंटे स्टीयरिंग में फंसा रहा जिसे कुरूद पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर स्कार्पियो के दरवाजे को काटकर बाहर निकाला और तत्काल नजदीक के कुरूद अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने घायल को रायपुर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक घायल ड्राइवर की हालात नाजुक बनी हुई है।

# मजदूर की मौत के मामले में ठेकेदार पर अपराध दर्ज

- निर्माणाधीन पानी टंकी से गिरा था मजदूर

**धमतरी।** निर्माणाधीन पानी टंकी में कार्य के दौरान उंचाई से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। मर्ग जांच पश्चात मेचका थाना में ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया।

पुलिस के अनुसार बीते वर्ष मेचका थाना क्षेत्र के ग्राम ठेनही में नल जल के लिए पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था। इसका ठेका धमतरी के एक ठेकेदार को दिया गया था। यहां बिहार के मजदूर चंद्रविकास मंडल पिता चुनेश्वर उम्र 40 वर्ष ग्राम कमरडीह जिला बांका निवासी अन्य मजदूरों के साथ काम कर रहा था। 14 अक्टूबर 2024 को चंद्रविकास निर्माणाधीन पानी टंकी में चढ़कर कार्य कर रहा था। इसी दौरान मजदूर युवक अचानक नीचे गिर गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को उपचार के लिए नगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस मर्ग जांच में आरोपी ठेकेदार द्वारा पानी टंकी निर्माण के दौरान सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन नहीं करना पाया गया। पानी टंकी निर्माण कार्य के दौरान उंचाई से नीचे गिरने पर मजदूर चंद्र विकास मंडल की मौत होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ धारा 106/1, 209 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

सचिव संघ ने एसपी कार्यालय में प्रदर्शन कर कलेक्टर, जिपं सीईओ, थाना प्रभारी के नाम सौंपा ज्ञापन

# पंचायत सचिव पर हमला, एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पंचायत सचिव से मारपीट तथा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले के खिलाफ सचिव संघ ने एसपी कार्यालय में प्रदर्शन किया है। संघ ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्जकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

गुरुवार को पंचायत सचिव संघ ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्राम पंचायत बलियारा के सचिव कृष्णकुमार साहू ने कहा है कि 14 मई को वह कार्यालयीन कार्य से पंचायत कार्यालय गया था। 9.15 बजे अपने अधीनस्थ कर्मचारी टीकमचंद भारद्वाज तथा रोजगार सहायक देवधर साहू तथा आवास मित्रों के साथ पीएम आवास के निरीक्षण के लिए हितग्राहियों के घरों में संपर्क करने जा रहे थे। वहां हितग्राही एगदास साहू के आवास का निरीक्षण कर बाहर गली में निकले थे तभी गांव के धनंजय दास मानिकपुरी ने उसका रास्ता रोककर भूमिहीन की राशि नहीं दिलाए हो, उसका नाम काट दिये हो कहा। उसने धनंजय को बताया कि पटवारी प्रतिवेदन में उसके नाम से भूमि अंकित होने के कारण उच्च कार्यालय ने अपात्र किया है तभी धनंजय ने आक्रोश में आकर गाली गलौज करते हुए बायें गाल पर थप्पड़ मारा और जान से मारने की धमकी देते हुए पत्थर उठा लिया था। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचावकर उससे पत्थर छीना, फिर वह बाड़ी में लगे बांस की लड़की को लेकर उसे मारने दौड़ाया। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। सचिव संघ ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाइन की मिली स्वीकृति

**जगदलपुर।** रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाइन स्वीकृति की जानकारी पत्र के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बस्तर सांसद महेश कश्यप को दी है। बस्तर सांसद के द्वारा बस्तर में रेल सुविधाओं सहित रेल लाइन परियोजनाओ को लेकर संसद में सवाल किया गया था रेल मंत्री से मुलाकात कर साथ ही पत्र के माध्यम से भी सांसद ने बस्तर के रेल सुविधा से उन्हें अवगत कराया था। बस्तर सांसद द्वारा रेल मंत्री को लिखे गए पत्र को केंद्रीय रेल मंत्री ने संज्ञान में लेते हुए उस लंबित कार्य को पूरा किया है । रेल मंत्री वैष्णव ने बस्तर सांसद को पत्र लिखकर इस नई रेल लाइन की स्वीकृति की जानकारी दी है।

### साईं राम स्वामी के दिव्य रथ का किया स्वागत



**जगदलपुर।** श्री साईं राम स्वामी के दिव्य रथ का गुरूवार की शाम को शहर के धरमपुरा में भाटागुड़ा चौक, आन्या कालोनी में भव्य स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया, मोतीतालाब पारा के मंदिर में श्रद्धालुओं ने भजन, आरती किया। शुक्रवार को ओमकारम, सुप्रभातम, नगर संकीर्तन, आरती किया जाएगा।

### विद्यार्थियों ने पुसपाल एवं ककनार घाटी का किया भ्रमण

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के भूगोल अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने पुष्पाल घाटी एवं ककनार घाटी पर्यटन स्थल का भौगोलिक भ्रमण किया। स्टूडेंट्स ने भवरदीघ नदी का इंद्रावती नदी में संगम को देखा। डॉ. राकेश कुमार खरवार ने बताया कि पठारी क्षेत्र में भवरदीघ नदी इंद्रवती नदी के समानांतर प्रवाहित होने के कारण इस नदी का बहाव कम हो गया है। यह नदी छोटे-छोटे वितरिकाओं के बीच में बोल्डर और रेत को जमा कर दिया है। इस कारण दोनों नदियों के बीच में एक द्वाब क्षेत्र का निर्माण हुआ हैं। इस वजह से संगम स्थल का प्राकृतिक सौंदर्य और आकर्षक हो गया है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ककनार गांव के निवासियों के सामाजिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं के साथ-साथ उनके बसावट प्रतिरूपों का भी अध्ययन किया। आईआईसी के निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सजीवन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण कार्यक्रम में भूगोल विभाग की फैकल्टी गौरी देवांगन, डॉ मनीषा यादव एवं भूगोल विभाग के कई विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## निधन

### शोभन यादव



**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी शोभन यादव उम्र 77 वर्ष का निधन 14 मई बुधवार को हो गया। वे बिहारी यादव, नेकराम यादव, नंदकुमार यादव के पिता और चम्पेश्वर यादव के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में ही किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजनों सहित समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### कमलाबाई तारक



**सिर्री।** ग्राम बकली निवासी कमला बाई तारक उम्र 75 वर्ष का निधन 12 मई सोमवार को हो गया। वे योगेंद्र तारक, खिलेश्वर तारक की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन एवं ग्रामीणों की भीड़ रही।

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष : तर्रागोंदी में आयोजित हुआ किसान सम्मेलन

# आर्थिक रूप से सशक्त होने किसानों की सहकारिता में भागीदारी जरूरी है : डॉ. दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिला सहकारी संघ धमतरी द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जुगदेही के ग्राम तर्रागोंदी में किसानों के लिए एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में किसानों को सहकारिता के महत्व, लाभ और खेती के लिए नए तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

साहू समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पीजी कॉलेज धमतरी के पूर्व प्राचार्य डॉ एएन दीक्षित ने बताया कि देश की 98 प्रतिशत आबादी सहकारिता से जुड़ी है लेकिन 25 फीसदी लोग भी इसमें सहभागिता नहीं दिखा रहे है। केंद्र की मोदी सरकार किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन कर इस क्षेत्र को सशक्त करने लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का नेटवर्क बनाया जाएगा। पैक्स को मल्टी परपस पैक्स के रूप में विकसित करने से लोगों के लिए घर के द्वार पर ही अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे किसानों, गरीबों और मजदूरों के समय और पैसे की बचत होगी।

सीपी साहू प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी संघ ने बताया कि सहकारी क्षेत्र के पुनरुद्धार हेतु शासन ने अनेक योजना तैयार की है जिसे सहकार से समृद्धि का नाम दिया गया है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने इससे जुड़े सभी सदस्यों को पूरी लगन से इस दिशा में काम करना होगा। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जुगदेही के प्राधिकृत अधिकारी भोला राम साहू ने किसानों को सहकारिता का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में षडबदन सिन्हा ने इफ्को, नैनो यूरिया व डीएपी के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर तर्रागोंदी सरपंच चोवाराम साहू, इफ्को के फील्ड अफसर लाल बहादुर सिंह, जिला सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष टेमन लाल साहू, जिला सहकारी संघ के प्रबंधक एपी गुप्ता, जुगदेही सोसाइटी के प्रबंधक अंकित कश्यप के अलावा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।




### फिर आ रहा है उत्तम कृषि, मध्यम व्यापार का दौर : गीतेश्वरी साहू

जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने किसानों को देश की रीढ़ बताते हुए कहा कि उत्तम खेती, मध्यम व्यापार, नीच नौकरी की कहावतों को अब सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर देश के पढ़े लिखे युवा भी कृषि के क्षेत्र में अपनी भागीदारी दे रहे हैं। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी का किसानों की आय दोगुनी करने का सपना सहकारिता से जरूर पूरा होगा। जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन ने कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में आधुनिक कृषि कर कम लागत में अधिक मुनाफा लेने किसानों से अपील की।

### गैलेक्सी स्कूल की चेष्टा दसवीं में अव्वल





**जीजामगांव।** गैलक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भखारा में कक्षा दसवीं में चेष्टा देवांगन पिता किशोर देवांगन 91.50 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया है। द्वितीय सोमनाथ सेन पिता डोमार सिंह सेन 82.30 प्रतिशत, तृतीय तन्मय साहू पिता डाकवर साहू 80.30 प्रतिशत रहे। इस उपलब्धि पर गैलक्सी शिक्षण समिति कुरूद के डायरेक्टर देवा साहू, होमन साहू, योगेंद्र मार्कण्डेय, प्राचार्य जानकी साहू , दुलारिन साहू रोशनी, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी साहू, नोकेंद्र साहू सहित शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

# मोदी-साय सरकार गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए कटिबद्ध : अरुण

- ग्राम मेचका सोंढूर में सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत मेचका सोंढूर में बुधवार को सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य राजेश गोंसाई, पंचायत प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हर गांव में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए योजनाएं लगातार क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम आज हर जगह दिखाई दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह सीसी रोड ग्रामवासियों की मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इससे न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्राम का समुचित विकास भी सुनिश्चित होगा। ग्रामवासियों ने सड़क निर्माण के लिए आभार जताया।



### कन्या महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा 19 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत बीए द्वितीय सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी भूगोल विषय की छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 19 मई को प्रातः 9 बजे होगी। सभी परीक्षार्थी को अपने प्रेक्टिकल रिकार्ड एवं आवश्यक सामग्रियों के साथ नियत तिथि तथा समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होने कहा गया है।

### कमल वाहिनी गठित

**कुरुद।** धमतरी ब्लाक के ग्राम सेमरा (डी) में कमल वाहिनी का गठन किया गया। अध्यक्ष मोहन साहू, उपाध्यक्ष नितेश मांडवी, सचिव भीम साहू, कोषाध्यक्ष उमेश साहू बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में लक्ष्मीनाथ, कीर्ति साहू, मिथिलेश साहू, होमेन्द्र साहू, हेमंत साहू, रविशंकर साहू, गजानंद साहू, जितेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, कुमेश्वर साहू, हेमंत पटेल शामिल हैं।

# नगर के सार्वजनिक शौचालय होंगे स्वच्छ एवं सर्वसुविधायुक्त

- मरम्मत के लिए शासन ने 17 लाख रुपए की स्वीकृति दी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी क्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और जनोपयोगी बनाने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से वार्ड क्रमांक 14 (पुरानी बस्ती), वार्ड क्रमांक 12 (सिहावा मेन रोड), वार्ड क्रमांक 7 (बस स्टैंड), बजरंग चौक में स्थित शौचालयों की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सभापति अश्वनी निषाद,



पार्षदगण शंकर देव, राजा पवार, देवचरण ध्रुव एवं श्रीमती अंबिका ध्रुव पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य में संलग्न ठेकेदार को गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सौंदर्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास हेतु बुनियादी सुविधाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। शौचालयों की मरम्मत से न केवल आमजन को सुविधा मिलेगी, बल्कि नगर की स्वच्छता और सुंदरता भी बढ़ेगी। गौरतलब है कि बस स्टैंड, बजरंग चौक एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर स्थित शौचालयों की स्थिति लंबे समय से जर्जर थी, जिनके दुरुस्तीकरण से आमजन विशेषकर महिला यात्रियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलेगी।

# महर्षि वेदव्यास कालेज में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी




महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अजय चंद्राकर विधायक कुरूद के अथक प्रयास से अतिरिक्त कक्ष हेतु 2024 25 के वार्षिक बजट में वार्षिक 2 करोड़ 8 लाख से ऊपर की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। भखारा मंडल भाजपा महामंत्री गौतम जैन ने कहा कि भखारा कॉलेज अजय की ही देन है, वहीं इसे संवार रहे हैं। इससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में और भी गुणात्मक विकास होगा।

जन भागीदारी अध्यक्ष हरख जैन, नगर पंचायत भखारा भठेली अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण झम्मन साहू, राम गोपाल देवांगन, पुष्पलता देवांगन, मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, चांदनी साहू, अंजु दीनानाथ साहू, छबिलाल निर्मलकर, परदेशी कंवर, खेमलता जितेंद्र साहू, डुमेंद्र गंगबेल, भूपेंद्र यादव, राम कृष्ण नेताम, गिरिराज सोन, हुपेंद्र सोन, राजू सेन, हरीश साहू, गैंदलाल साहू, चूड़ामणि साहू, ईश्वर साहू, संतोष साहू, चक्रसुदर्शन चंदेल, भारती साहू, ममता चंद्राकर, सुशीला निर्मलकर, आनंद यदु, छत्रपाल बैस, रामस्वरूप साहू, पूर्णिमा साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 10वीं में गौरी और 12वीं में मौर्वी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- बारना स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 77.55 प्रतिशत और 12वीं का परीक्षा परिणाम 93.33 प्रतिशत रहा। प्राचार्य टेमिन साहू ने बताया कि छात्रों की मूल्यांकन प्रक्रिया तिमाही, छमाही और प्री बोर्ड परीक्षा का अभ्यास लगातर कराया गया। छात्रों की समझ, लेखन शैली, तनाव प्रबंधन और उत्तर लेखन की कला पर विशेष ध्यान दिया गया। पालकों से लगातार संपर्क रखा गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक में पालकों को आमंत्रित किया गया। कक्षा 12वीं में मौर्वी साहू 76.6 प्रतिशत प्रथम, युवराज पटेल 76.4 प्रतिशत द्वितीय और डीगेंद्र 69.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में गौरी 90 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। मीनाक्षी 88.16 प्रतिशत द्वितीय, विनय 82 प्रतिशत तृतीय रहे। छात्र-छात्राओं का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विनय पटेल, अमित खरे, पूनम हिरानी, उमा ठाकुर, पारस साहू, राजेश बंजारे, रोशन साहू, रवेन्द्र अटेल, डोमेश निर्मलकर, नीरज ध्रुव, चन्द्रशेखर साहू, टिकेन्द्र साहू, शेषनारायण साहू एवं भूपेन्द्र यादव ने हर्ष जताया है।




# 6वीं में प्राची, 7वीं में तोमेश्वर अव्वल रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक पीएमश्री आमदी एवं माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी में परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा 6वीं में प्राची कुंभकार 90.5 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। भावना साहू 90 प्रतिशत द्वितीय रही। कक्षा 7वीं में तोमेश्वर साहू 93.6 प्रतिशत प्रथम व भोजराज 87 प्रतिशत द्वितीय रहे। परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया था। कक्षा 8वीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई ।

इस मौके पर संतोषी साहू, गजेन्द्र कुंभकार, स्कूल स्टाफ बिंदु ध्रुव, सोमदत्त साहू, दीपेंद्र साहू, सविता छाटा समेत पालकगण मौजूद रहे।

## महापौर ने जिला ग्रंथालय का किया औचक निरीक्षण

**धमतरी।** जिला ग्रंथालय में व्याप्त विभिन्न असुविधाओं को लेकर महापौर रामू रोहरा ने ग्रंथालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पानी की व्यवस्था, बैठने हेतु पर्याप्त कुर्सियों की कमी तथा सफाई की दशा बेहद खराब पाई गई। महापौर ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रंथालय जैसे शैक्षणिक स्थल में ऐसी अव्यवस्थाएं कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। महापौर रोहरा ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को एक शांत, स्वच्छ और सुविधाजनक अध्ययन स्थल उपलब्ध कराना नगर प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अगले निरीक्षण तक सभी कमियों को दूर किया जाएगा।



## बारिश से फसल को नुकसान, कई गांवों में घंटों बिजली बंद रही

# आंधी तूफान से कई जगह बिजली के तार टूटे, खंभे हुए धराशायी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी अंचल में बीते 15 दिनों से मौसम में बदलाव आया है। गुरुवार की दोपहर में तेज आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। दोपहर बाद आसमान में बादल छा जाते हैं । कई घंटों तक गर्जना रहती है। इसके बाद तेज आंधी तूफान चलता है। शाम 5 बजे के बाद कई स्थानों में रुक-रुक कर वर्षा कुछ देर तक हुई। वहीं पानी गिरने से मौसम सुहावना हो गया है।

सांकरा, तुमड़ीबाहर, मेचका, उमरगांव, घटुला, बेलर अंचल में कुछ घंटे हल्की बारिश हुई। लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है। वहीं तेज आंधी तूफान के चलते नगरी ब्लाक के कई क्षेत्र में बिजली के तार टूट गए हैं। बिजली खंभे गिरे हैं। सांकरा, घटुला, बोराई, मेचका, सिहावा, उमरगांव, तुमड़ीबहार में कई घंटों बिजली बंद रही जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बीते शनिवार को तेज आंधी तूफान से नगरी में आनंद राम नेताम के घर पशु शेड पर एक पेड़ गिर गया। मुआवजे की मांग की। वहीं दूसरी ओर कई किसान चिंतित हैं। खेत में फसल पककर तैयार है। ऐसे में तेज वर्षा से किसानों को फसल का नुकसान हुआ। गांव के छोटे किसान हाथ से फसल की कटाई कर रहे हैं। ऐसे ही मौसम रहा तो फसल को नुकसान होगा।





# फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर संतुष्ट हुए पार्षद



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली के रामपुर रोड स्थित भठेली फिल्टर प्लांट का जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। संतोषजनक पाया। सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन किया गया और फिल्टर सिस्टम के सभी घटक सही ढंग से काम कर रहे हैं। जल आपूर्ति के प्रारंभ से लेकर घरों तक पहुंचने वाले पानी का अलग-अलग मानकों में टेस्ट किया गया। साथ ही उपचारित तरीकों की जानकारी लेकर सम्मुख टेस्ट कराया गया जिससे सभी लोग संतुष्ट हुए। इस अवसर पर हरख जैन, विष्णु साहू , अविनाश गौर, मेघनाथ साहू हितेंद्र साहू, लीलाधर निषाद, भूमिका सोन, सेवकराम पटेल, रामकृष्ण नेताम उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### आवास योजना सर्वे में शामिल हुए सभापति

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत लोहत्तर में अंतिम दिवस पर जनपद सभापति विकास राजु नायक ने समीक्षा किया और स्वयं जाकर बचे पात्र लाभार्थीयों का आवास प्लस प्लस का सर्वे करवाया। उन्होने कहा कि प्रसाशन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2024 में योग्य परिवारों का आवास सर्वे 15 मई तक पूरा करने का निर्देश दिया गया था। लोहत्तर में आवास प्लस प्लस के माध्यम से लगातार प्रतिदिन रोजगार सहायक पूनम देहारी, पंचायत सचिव कंशकुमार चुरेंद्र, आवास मित्र सुधीर जैन सहित सभी मेट ने सर्वे किया है। पीएम आवास योजना का मुख्य लक्ष्य गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले हर परिवार को अपना खुद का घर होना चाहिए।

### साय सरकार ने दिलाया पक्का मकान

**कांकेर।** अतिसंवेदनशील ग्राम छोटेबेठिया में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में ग्राम सिरपुर पीवी 93 के ग्रामीण शंकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना से उनके जीवन में हुए सकारात्मक और ऐतिहासिक परिवर्तन के बारे में जानकारी देते हुए मंच से बताया कि उनका परिवार अति गरीब है और परिवार के सभी सदस्य कच्चे मकान में एक साथ रहने को तैयार नहीं थे। विरासत में पिता से भी कुछ खास संपत्ति नहीं मिली थी कि अपने परिवार के लिए पक्का मकान बना पाते। उन्होंने बताया कि दो साल पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रकरण स्वीकृत हुआ और अब उनका खुद का पक्का घर तैयार हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक आदर्श पिता की तरह पक्का मकान दिलाया, जो किसी सपने के साकार होने से कम नहीं है।

### हाराडुला व कोदापाखा में समाधान शिविर आज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार सुशासन तिहार के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज 16 मई को जनपद पंचायत चारामा के क्लस्टर हाराडुला अंतर्गत ग्राम भिरौद, भिलाई, पण्डरीपानी, करिहा, तुएगहन, हाराडुला, जेपरा, किलेपार, गितपहर, हल्बा, भानपुरी और रानीडांगरी के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के क्लस्टर कोदापाखा अंतर्गत ग्राम भण्डारडिगी, मेड़ो, बांगाचार, पाउरखेड़ा, कोदापाखा, दुर्गुकोंदल, खुटगांव, कर्रामाण्ड, सिंहारी और सुखई के ग्रामीण सम्मिलित होंगे। समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणजन पहुंचकर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लें।

### बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारणी जारी

**दुर्गूकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोंदल में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा विज्ञान संकाय एवं अन्य संकाय के उन परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है, जिन्होंने जेनेरिक इलेक्टिव (वैकल्पिक) विषय के रूप में विज्ञान विषय का चयन किया है। इसके साथ ही प्रथम सेमेस्टर के वे छात्र छात्रायें जो पूर्व में किसी कारणवश प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहे थे या परीक्षा नहीं दे पाए थे, उनके लिए भी यह अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। जन्तु विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 17 मई, रसायन विज्ञान 19 मई, वनस्पति विज्ञान 20 मई को होगा। परिक्षा सुबह साढ़े 7 आयोजित की गई है।

---

कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों के कामों की समीक्षा की, दिए जरूरी निर्देश

# महानदी के जर्जर अछोटा पुल की मरम्मत के लिए बनेगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी को नगरी से जोड़ने वाली सड़क पर महानदी पर अछोटा गांव के पास बने पुल की जांच कर उसकी आवश्यकतानुसार मरम्मत की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इसके निर्देश लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों की बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, सड़क-पुल निर्माण, भवन निर्माण से लेकर सिंचाई परियोजनाओं के कामों की विस्तृत समीक्ष की। उन्होंने महानदी पर बने वर्तमान अछोटा पुल के खराब होने की आशंका के चलते उसकी जांच करने और जरूरत के हिसाब से सुधार काम कराने का प्रस्ताव बनाने को कहा। सेतु संभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उक्त पुल 1978 में बना है। पुल की रेलिंग और स्पॉसन ज्वाईंट पुराने हो गए हैं, जिन्हें बदलने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने इसके लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करने और पुल पर सुधार कार्य के बाद डामरीकरण करने के लिए भी योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### महानदी पर नया पुल बनाने की भी योजना

बैठक में कलेक्टर ने जिले में तेजी से बढ़ रहे राष्ट्रीय राजमार्गों और भारतमाला सड़कों पर भविष्य में यातायात दबाव को देखते हुए महानदी पर नये पुल की योजना बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने भविष्य के हिसाब से नये पुल की चौड़ाई और गुणवत्ता आदि का भी निर्धारण करने को कहा। सेतु संभाग के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए राज्य शासन को लगभग 58 करोड़ रूपये का प्रस्ताव भेजा गया है। इस राशि के मंजूर हो जाने से महानदी पर 900 मीटर लम्बा और 13 मीटर चौड़ा तीन लेन सड़क वाला नया पुल बन सकेगा। अधिकारियों ने यह भी बताया कि नहर-नाका चौक के पास महानदी की मुख्य नहर पर भी नया पुल निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसकी स्वीकृति वर्ष 2024-25 के बजट में मिल गई है। यह पुल 63 मीटर लम्बा, 13 मीटर चौड़ा होगा। पुल की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है।



### नगरी-सांकरा-सिहावा को जोड़ने की योजना

बैठक में कलेक्टर ने नगरी-सांकरा-सिहावा होकर सुगम यातायात के लिए सड़कों को जोड़ने की भी योजना पर काम करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग और सेतु संभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने वर्तमान में स्थित सड़कों को लेकर उन्हें छोटी-छोटी नई सड़कों से जोड़कर नगरी से सिहावा तक आवागमन का वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने की योजना पर काम करने को कहा। कलेक्टर ने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों तक आने-जाने की सुविधा पहुंचाने 10 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के हिसाब से सर्वे कार्य कराया जाए और इसका प्राक्कलन तैयार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सिहावा क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की योजना पर काम शुरू हो गया है। धमतरी ही नहीं, राज्य के अन्य जिलों और सीमावर्ती राज्यों से भी लोगों का आना-जाना बढ़ेगा, जिससे सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ेगा। नगरी-सिहावा तक अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंच मार्गों की सुविधा लोगों को उपलब्ध कराने के लिए नगरी-सांकरा-सिहावा को सड़क मार्ग से जोड़ने की योजना लाभकारी सिद्ध होगी।

---

## सुख और दुख जीवन के दो पहलू है : बीके सरिता



- लेडीज क्लब की संरक्षिका मधुरानी ढांढ के आकस्मिक निधन पर हुई श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लेडीज क्लब के तत्वावधान में एक रेस्टोरेंट में लेडीज क्लब की संरक्षिका मधु रानी ढांढ के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बीके सरिता भी शामिल हुई। लेडीज क्लब अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। संचालिका उषा गुप्ता व डॉ भारती राव ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। सरिता बहन ने कहा कि सुख और दुख जीवन के दो पहलू है और वे ही जीवन को गति प्रदान करते हैं। इस संसार में जो जन्म लेता है उसे मृत्यु जैसे शाश्वत सत्य से भी साक्षात्कार करना पड़ता है। इस अवसर पर सुषमा नंदा, विभा चंद्राकर, मंजु महावर, नीता रणसिंह, चंद्रकला पटेल, श्यामा पटेल, विमला पटेल, बबीता कश्यप, ज्योति शांडिल्य, नीरू नंदा, प्रभा रावत, ममता खालसा, हरजीत कौर अजमानी, रुक्मणी सोनकर ने भी अपने विचार रखे। संस्था के बैलाज के अनुसार रिक्त पद की पूर्ति हेतु कार्यवाहक संरक्षिका के रूप में कामिनी कौशिक को सर्वसम्मति से पदभार सौंपा गया।

कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक तथा आभार प्रदर्शन साधना साहू व काजल सिन्हा ने किया। इस अवसर पर शुभ्रा गौर, माधवी शर्मा, गायत्री साहू, नीता अजमानी, अनीता साहू, मंजु सेन, सीमा हरदेल, वीणा नायडू, संगीता सिन्हा, काजल सिन्हा, साधना साहू, बीना नायडू ने दीप जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

---

## महापौर ने किया रांवा में विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम रांवा के डबरी मैदान में विकास कार्यों का भूमिपूजन मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। इस अवसर पर महापौर ने दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों की आधारशिला रखी। टिन शेड निर्माण जिसकी लागत 15 लाख रुपये है। डबरी मैदान का कांक्रीटीकरण कार्य, जिसकी अनुमानित लागत 19.99 लाख रुपये है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम रांवा के नागरिकों को एक सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल प्राप्त होगा, जहां खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन बेहतर रूप में किया जा सकेगा।

---

## पंद्रह साल से फरार वारंटी को पुलिस ने केशकाल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चोरी के मामले में बीते 15 साल से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने केशकाल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार द्वारा जिले के सभी थाने व चौकी प्रभारियों को फरार आरोपियों की तलाश कर वैधानिक कार्रवाई करने एवं स्थाई वारंटियों की पतासाजी कर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में धमतरी पुलिस को मुखबिर से थाना कोतवाली के 2005 में दर्ज अपराध की धारा 379 भादवि चोरी के मामले में न्यायालय द्वारा जारी स्थाई वारंटी आरोपी रामसिंग वट्टी पिता हलाल वट्टी उम्र 40 वर्ष ग्राम गढ़सिलयारी थाना केशकाल जिला कोंडागांव निवासी को अपने गांव आने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल सिटी कोतवाली की टीम आरोपी को गिरफ्तार करने रवाना हुई।

पुलिस टीम केशकाल के ग्राम गढ़सिलयारी पहुंची जहां पुलिस को आरोपी के उसके घर में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी रामसिंग वट्टी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को धमतरी न्यायालय में पेश किया गया। यहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एएसआई तेजूराम सिन्हा, आरक्षक अंशुलराव सोलंके का सराहनीय योगदान रहा।

---

### समर कैंप से बच्चों की प्रतिभा में आ रहा निखार

**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू संघ जालमपुर द्वारा सर्व समाज के बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ सामुदायिक भवन में किया गया। प्रथम दिवस बच्चों को प्रार्थना, संस्कार, परिचय, इंग्लिश एक्टिविटी, कागज का उड़ता चिड़िया निर्माण के साथ में मनोरंजक गतिविधियां कराई गईं। कक्षा चौथी से आगे बड़ी कक्षाओं के बच्चों को परिक्षेत्र की ओर से एक पेन और कॉपी दी गई। आगामी दिवस पर योग शिक्षा, पेपर क्राफ्ट, ड्राइंग-पेंटिंग, अखबारी टोपी, डांस, नैतिक शिक्षा मनोरंजक गतिविधि गीत आदि का हुनर समर कैंप में सिखाया जाएगा। शुभारंभ पर जिला साहू संघ के सचिव लीलाराम साहू, धमतरी शहर तहसील सचिव डॉ. रामकुमार साहू, जालमपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू, भोला साहू, शशि साहू ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

---

## मंत्री श्यामबिहारी से स्वास्थ्य सुविधाओं पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भाजपा प्रदेश मंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा छग के खूबलाल ध्रुव ने मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं और समस्याओं पर चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और गलत कार्यों पर कार्रवाई की जाएगी।

---

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में बनेंगी सहकारी समितियां

- महिला समूहों की सदस्यों को लेखा पुस्तिका संधारण, जीएसटी, इनकम टैक्स भरने का प्रशिक्षण मिलेगा
- कलेक्टर की अध्यक्षता में सहकारी समितियों को मजबूत बनाने हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सहकारिता से लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने का उद्देश्य लेकर केन्द्र सरकार के सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत जिले की सभी 370 ग्राम पंचायतों में कम से कम एक सहकारी समिति गठित की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न सहकारी समितियों द्वारा लोगों को रोजगार मूलक कामों से जोड़ा जाएगा। जिले में संचालित प्राथमिक सहकारी समितियों और अन्य समितियों का लेखा-जोखा रखने, लेखा पुस्तकों का संधारण करने के साथ-साथ समितियों के जीएसटी और आयकर भरने जैसे कामों के लिए महिला समूहों की पढ़ी-लिखी सदस्यों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में समितियों को मजबूत बनाने के लिए किए जाने वाले उपायों और समितियों के कामों की समीक्षा की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक डी.पी.टावरी, उप पंजीयक युगल किशोर वर्मा एवं प्रदीप ठाकुर, जीएसटी उपायुक्त श्रीमती शुक्ला सहित कृषि, पशुपालन, लीड बैंक और जिला सहकारी बैंक के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि जिले की 74 प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों में कॉमन सर्विस सेन्टर आईडी जेनरेट किया गया है। सीएससी सेन्टर के माध्यम से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ बिजली बिल भुगतान से लेकर खातों से राशि निकालने जैसी विभिन्न प्रकार की ई-सेवाएं प्रदान की जाती है। बैठक में संयुक्त पंजीयक श्री टावरी ने बताया कि केन्द्र सरकार की मंशा अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक सहकारी समिति बनाई जानी है। वर्तमान में जिले में सहकारी समितिविहीन ग्राम पंचायतों में समितियों का गठन किया जाना है। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना पर विचार किया गया। कलेक्टर ने कृषि, पशुपालन, मछलीपालन से लेकर आजीविका मिशन तक के अधिकारियों को इसके लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

---

## ड्रग इंस्पेक्टर को स्थानांतरण पर दी औषधि विक्रेता संघ ने विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला औषधि विक्रेता संघ ने ड्रग इंस्पेक्टर के रूप में 2015 से 2025 तक पदस्थ रहे श्रीमती निकिता श्रीवास्तव के स्थानांतरण होने पर उनके लिए विदाई कार्यक्रम रखा गया। मौके पर जिले के एडीसी संजय राजपूत, ड्रग इंस्पेक्टर संदीप सूर्यवंशी, सुमित देवांगन, लोकेश साहू, संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव संतराम वाशानी, कोषाध्यक्ष नीरज किरण, संरक्षक मनीष चंद्राकर, संयोजक तेजपाल जैन, बलराज खंडेलवाल, गोविंद गांधी, दिनेश डे, दीपेश मेहता, दीनू पंजवानी, नीरज नाहर, गोविंद गांधी, इंदु हिंदूजा, अशोक दुबानी, प्रकाश वाशानी, पुरुषोत्तम वाशानी, गजेंद्र साहू, बिट्टू जसूजा, मनीष साहू, संजय मुंजवानी, विजय जसूजा, आशीष जैन समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा



- खोज संस्था और रेशम विभाग के सहयोग से महिलाओं को कोसा धागा निकालने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम खुदुरपानी में कलेक्टर के निर्देश पर वन आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खोज संस्था और रेशम विभाग द्वारा 10-10 महिलाओं को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक माह में 20 महिलाओं को कोसा उत्पादन एवं प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना, उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना और पारंपरिक वन संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देना है।

प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं न केवल कोसा धागा निकालने की प्रक्रिया को सीख रही हैं, बल्कि उससे जुड़े उत्पादों के विपणन और उद्यमिता कौशल का भी विकास किया जा रहा है। यह प्रयास ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कांकेर जिले से मास्टर ट्रेनर जयसिंग नेताम प्रशिक्षण दे रहे हैं। मौके पर उपसरपंच लाखनसिंह मरकाम, शत्रुघन यादव, उमेश्वरी बाई, कनेश्वरी बाई, रेखा बाई, लताबाई, शिवबती बाई, संतोषी बाई, दसोदा बाई, अमिता बाई, खिलेश्वरी, प्रमिला, गरिमा, ममता, सरस्वती, मुनेश बाई, रितेश्वरी, सावित्री बाई, कुमारी भूमिका, खोज संस्था से बेनीपुरी गोस्वामी, नंदिनी साहू, मीनाक्षी यादव, राजेश पटेल, लोकनाथ सोनवानी उपस्थित थे।

---

जिले की 60 समितियों में माइक्रो एटीएम लगाने अधिकारियों को दिये निर्देश

# दुग्ध उत्पादकों को 10 दिन में होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिले में पशुपालन को लाभ का व्यवसाय बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री मिश्रा ने दुग्ध सहकारी समिति एवं जिले में समितियों द्वारा किये जा रहे संकलन की समीक्षा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि दुग्ध का भुगतान 10 दिनों में किसी भी परिस्थिति में किया जाये और यह भुगतान सीधे उनके खातों में किया जाये। दुग्ध उत्पादकों की सुविधा हेतु जिले की 60 सहकारी समितियों में माइक्रो एटीएम स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने विकासखंडवर दुग्ध संकलन की जानकारी लेते हुए संकलन की मात्रा कम होने के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि भुगतान देर से होने के कारण दुग्ध बेचने वाले किसान रूचि नहीं लेते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए कलेक्टर ने समिति सचिव और एबीएफओ को पशुपालकों से चर्चा करने कहा।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने समिति सचिवों से सीधे शब्दों में कहा कि समिति सचिव गांव में दुग्ध विक्रताओं से चर्चा कर उन्हें समितियों में दुग्ध विक्रय करने हेतु प्रेरित करें। किसी भी दुग्ध संग्रहण केन्द्र में एक दिन में 100 लीटर से कम दुग्ध की खरीदी होने पर समिति सचिव की जिम्मेदारी तय होगी। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के एबीएफओ से कहा कि इस कार्य में पंचायत सचिवों का सहयोग करें। इसके साथ ही उन्होंने जिन स्थानों पर दुग्ध का संग्रहण किया जायेगा, वहां बोर्ड में संग्रहण का समय प्रातः 6 से 8 बजे और शाम 5 से 7 बजे अनिवार्य रूप से चस्पा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुग्ध खरीदी की रिपोर्टिंग प्रतिदिन समय पर करें।

बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक श्री तयाल और ऑपरेशन हेड एल.एन.एक्का, उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ.एम.एस. बघेल सहित 50 से अधिक दुग्ध उत्पादक समितियों के सचिव और विभागीय सहायक पशु क्षेत्र अधिकारी उपस्थित थे।

---


## बिजनेस साइट

### व्ही-देशी गारमेंट में सभी वैरायटी के कपड़े उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




इस वर्ष विवाह के सीजन में नगरी (सिहावा) में स्थित संस्थान व्ही-देशी गारमेंट को ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। मात्र छह माह में ही व्ही-देशी गारमेंट ने नगरी में अपनी अच्छी पहचान बना ली है। ग्राहकों का कहना है कि पहले दूल्हा दुल्हन की ड्रेस के लिए धमतरी, रायपुर जाना पड़ता था, लेकिन अब अपने ही शहर नगरी में बेहतरीन ड्रेस वाजिब दाम में उपलब्ध होने से दूर-दराज जाने की जरूरत नहीं होती है। इससे समय और पैसे की बचत होती है।

व्ही-देशी शाप के संचालक यशवंत गोयल ने चर्चा के दौरान बताया कि हम अपने सभी उत्पाद डायरेक्ट फैक्ट्री से लाते हैं, इसलिए अपने ग्राहकों को बहुत ही किफायती दाम में सभी वैरायटी के कपड़े उपलब्ध करा रहे हैं। ग्राहकों को हमेशा नई नई वैरायटी उपलब्ध कराते हैं। हमारे पास वैवाहिक वस्त्रों के अलावा सभी सीजन के कपड़े उपलब्ध हैं। महिलाओं, बच्चों के विंटा आईटम की विशाल रेंज उपलब्ध है। हमारे यहां फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर आए प्रशिक्षित टेलर भी महिलाओं के लिए सभी प्रकार के कपड़े तैयार कर अपनी बेहतर सेवा प्रदान कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास में बने रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना : कविंद्र

**धमतरी।** केंद्र और राज्य की सरकार के सामूहिक प्रयास से इन दिनों बड़ी तादाद में ग्रामीण पीएम आवास निर्माणाधीन है। धमतरी जिले की ही यदि बात करें तो लगभग 60000 पीएम आवास का निर्माण अलग-अलग गांवों में हो रहा है। पीएम आवास के चलते भवन निर्माण कार्य से जुड़े व्यापार और सेवाओं में बड़ी तेजी आई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष तथा लंबे समय से जल संरक्षण और जल संवर्धन के अभियान से जुड़े कविंद्र जैन ने प्रशासन तथा हितग्राहियों से अपील की है कि धमतरी जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह कार्ययोजना बनाई जाए। जिले में निर्माणाधीन सभी 60000 मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाई जाये। 60000 मकानों में एक साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनने से लगभग 2 करोड़ वर्गफीट रूफ वाटर को संरक्षित किया जा सकेगा। हमारे जिले में वर्षा का जो औसत है उस हिसाब से प्रति एक हजार वर्ग फीट की छत में लगभग 67 हजार लीटर जल का संचयन होता है। इस प्रकार वर्ष भर में 125 करोड़ लीटर वर्षा जल का रिचार्ज जिले में संभव हो सकेगा जो कि जल संवर्धन के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम होगा।



■ जिले में बन रहे रिकॉर्ड 60000 से अधिक ग्रामीण पीएम आवास

### गर्मी छुट्टी को ले अर्जित अवकाश में

**धमतरी।** गर्मी की छुट्टी में भी शिक्षक ड्यूटी दे रहे हैं। पिछले साल भी लोकसभा चुनाव के चलते गर्मी की छुट्टी नहीं मिली थी। शिक्षकों ने इस छुट्टी को अर्जित अवकाश घोषित कर लाभ देने की मांग की है। इसके अतिरिक्त आईटीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण स्थगित करने की मांग भी की है। गुरुवार को प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव, दुर्ग, कोरबा में भी शिक्षकों ने गर्मी की छुट्टियों में काम किया है। वहां पर शिक्षकों के इस काम को अर्जित अवकाश में शामिल कर लिया गया है। धमतरी में भी शिक्षक ड्यूटी कर रहे हैं। ऐसे में यहां के शिक्षकों को भी अर्जित अवकाश का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि धमतरी में आईटीसी योजना अंतर्गत 16 मई से प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा उपरोक्त दिवस में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की गई है। 44 से 45 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान होने के कारण प्रशिक्षण में परेशानी होगी। उन्होंने प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग की है।

### गायत्री परिवार ने किया पुष्पांजलि का सम्मान

**धमतरी।** सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 10 वीं की छात्रा पुष्पांजलि साहू ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह गायत्री परिवार महिला मण्डल की वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व ट्रस्टी श्रीमती पद्मनी साहू की पुत्री है। उनकी इस सफलता पर गायत्री परिवार ने गायत्री मंत्र शाल, श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया।

बड़ी रेल की सौगात 2026 के पहले सप्ताह में मिलेगी

# नए साल में धमतरी की पटरी पर 120 की रफ्तार से दौड़ेगी बड़ी रेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बहुप्रतीक्षित बड़ी रेल की सौगात 2026 के पहले सप्ताह में शहरवासियों को मिल जाएगी। राज्य शासन की सिफारिश पर केन्द्रीय सरकार ने यह आदेश जारी कर दिया है। रेल विभाग ने तीव्र गति से काम शुरू कर दिया है। 2025 तक काम कम्पलीट हो जाएगा। 2026 में धमतरी की पटरी पर 120 की रफ्तार से बड़ी रेल दौड़ने लगेगी। रेल सेवा शुरू होते ही शहरवासियों को परिवहन की सेवा मिलनी शुरू हो जाएगी।

**रायपुर-धमतरी के बीच 10 स्टेशन, अभनपुर में जंक्शन, धमतरी में सर्वसुविधायुक्त प्लेटफार्म, गुड्स टर्मिनल, एक्टिव लाइन, दो लूप लाइन तैयार होगी**

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मेमू ट्रेन अभी रायपुर से अभनपुर तक ही चल रही है। बड़ी रेल लाइन का प्रोजेक्ट 550 करोड़ रूपए का है। धमतरी स्टेशन के पास एक्टिव लाइन, दो लुप लाइन, गुड्स टर्मिनल का निर्माण जारी है। काम में तेजी लाई जा रही है। नया रायपुर, केन्द्री, अभनपुर तक लाइन कंपलीट है। धमतरी सीमा से लाइन बिछाने का काम जारी है। रेलवे स्टेशन में सर्वसुविधायुक्त प्लेटफार्म, स्टेशन आफिस, एसी रूम बनेगा। धमतरी से रायपुर तक 10 स्टेशन है। केन्द्री रेलवे स्टेशन के बाद अभनपुर में जंक्शन है। यहां से एक लाइन राजिम तथा दूसरी लाइन धमतरी की ओर होगी। कुरूद में क्रासिंग स्टेशन बनेगा। चटौद, सिर्री में स्टेशन, सरसोंपुरी, सांकरा में पेसेंजर हाल्ट, धमतरी में टर्मिनल स्टेशन होगा। पटरी तैयारी होने के बाद रायपुर टू धमतरी ट्रेन की स्पीड 120 की रहेगी।

बड़ी रेल लाइन प्रारंभ होने से अंचल के लोगों को परिवहन का लाभ मिलेगा। जानकारी के मुताबिक भविष्य में धमतरी से कोंडागांव तक बड़ी रेल दौड़ेगी जिसका प्रपोजल बन रहा है। रेल पटरी में मटेरियल बिछ गया है। नहर में पुल तैयार है। रेल लाइन बिछाने सीमेंट की पटरी, लोहे की रेलपांत स्पॉट में रखी गई है।

कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग

# कांग्रेसियों ने मध्यप्रदेश के मंत्री का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मध्य प्रदेश के मंत्री व भाजपा नेता विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला दहन किया। गांधी मैदान में आयोजित विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने मंत्री विजय शाह को बर्खास्त कर उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि मंत्री शाह ने सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्होंने इसे देश की बेटियों का अपमान बताया। भाजपा संगठन को सेना का अपमान करने वाले मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि देश की बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई है। मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने उन पर अपमानजनक टिप्पणी की है। इस बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि भाजपा सिर्फ देश को तोड़ सकती है, जोड़ नहीं सकती। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि भाजपा नेताओं के लिए राष्ट्रवाद एक मात्र दिखावा है उनकी जो विचारधारा है। वह मंत्री के माध्यम से सामने आ गई।

जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने कहा कि देश सेवा करने के मामले में कर्नल सोफिया की यह चौथी पीढ़ी है। कर्नल सोफिया की बेटी और बेटा भी एयरफोर्स की तैयारी कर रहे हैं। देश का मान बढ़ाया है। आजादी के पहले भी परिवार ने लड़ाई लड़ी है और आजादी के बाद भी आज तक लड़ाई लड़ते आ रही है। बीजेपी के मंत्री विजय को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल प्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश जैन, रामनाथ यादव, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकड़िया, योगेश बाबर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पूर्व जिपं सदस्य गोविंद साहू, पार्षद सुमन मेश्राम, सूरज गहरवाल, ऋषभ ठाकुर, गुड्डा दीवान, कुशल देवांगन, बसंत देवांगन, उदित नारायण साहू, आशुतोष खरे, गीतराम सिन्हा, श्रवण साहू, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, राजेश पांडे, अजय वर्मा, सूरज पासवान, अविनाश मरोठे, तारिक रज़ा कादरी, संजु साहू, रजत सोनकर, मिथिलेश साहू, सबीना खान, वातांजलि गोस्वामी, गणेश्वरी कमड़े, अजय डहरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुरुकुल विद्यासागर स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी में कक्षा आठवीं एवं पांचवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत आया है। कक्षा आठवीं में आरूति पिता गुलाब राम 87.83 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, साक्षी पिता कुलेश्वर गजेंद्र 87.17 प्रतिशत द्वितीय, कुमारी मंजीता पिता धनराज साहू 86.17 प्रतिशत रहे। कक्षा पांचवीं में कुमारी निधि यादव पिता हेमंत यादव 91.50 प्रतिशत प्रथम , डायमंड यादव पिता मुकेश यादव 88 प्रतिशत एवं मयंक सिन्हा पिता टीकाराम सिन्हा 88 प्रतिशत द्वितीय एवं लक्ष्यदास मानिकपुरी पिता हेमंत मानिकपुरी 87.5 0 प्रतिशत तृतीय रहे। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए संस्था के संचालक विनोद पांडेय, प्रधानपाठक जीवनलाल ढीढी, शिक्षकगण भारतलाल साहू, झामिन साहू, डिलेश्वरी साहू, हेम बाई सिन्हा, गीतांजलि साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, केसर सिन्हा, खोमेश्वरी साहू, लीना साहू, गुणिता साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।



# शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

16 मई से शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वीं व 11वीं के लिए प्रवेश प्रारंभ हो रहा है। आठवीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी कक्षा 9वीं में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं जिसके लिए उन्हें कक्षा आठवीं की अंक सूची, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी के साथ मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संलग्न कर प्रवेश फार्म जमा कर सकते हैं। नवमी में संस्था में संचालित विषय इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी और हेल्थ केयर (व्यावसायिक शिक्षा) लेकर भी एक नए विषय के रूप में पढ़कर अपने करियर के प्रति स्पष्ट हो सकते हैं, वहीं कक्षा ग्यारहवीं में विद्यार्थी आईटी व हेल्थ केयर लेकर भी पढ़ सकते हैं। संस्था में संचालित विषय गणित, वाणिज्य, जीव विज्ञान, कला के साथ-साथ बालिकाओं के लिए होम साइंस भी उपलब्ध है। आई.सी.टी. कम्प्यूटर लैब में छात्रों को कंप्यूटर की शिक्षा दी जाती है। परिसर में बालिका क्रिकेट प्रैक्टिस के लिए नेट एवं टेबल टेनिस अभ्यास के लिए हॉल में दो टेबल उपलब्ध हैं जहां खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास कराया जाता है।



# गुरू के अस्त होने से 8 जून के बाद शादी, मांगलिक कार्यों पर लगेगा ब्रेक

**धमतरी।** शादी, सगाई, गृह प्रवेश व अन्य मांगलिक कार्यों के लिए अब मई माह में 5 मुहूर्त ही बचे हैं जिसमें 15 मई, 24, 25, 28 और 31 मई को शुभ कार्य किया जा सकता है। जून माह में 7 और 8 जून को ही मुहूर्त है। 8 जून के बाद देवताओं का गुरू बृहस्पति अस्त होने जा रहा है। इसके बाद शादी मांगलिक कार्य वर्जित रहेगा। 12 जून के बाद चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं. कृष्ण बिहारी तिवारी ने बताया कि 12 जून के बाद किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त नहीं हैं। जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर में कोई मांगलिक कार्य नहीं होगा। देवउठनी एकादशी 1 नवम्बर से मांगलिक कार्य शुरू होगा। श्री तिवारी ने बताया कि 8 जून तक अच्छा मुहूर्त है। सभी शुभ कार्य निपटाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से 8 जून तक करीब 22 शुभ मुहूर्त हैं। इसक बाद 5 माह के लिए शुभ कार्य वर्जित है। इसे मलमास भी कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार गुरू ग्रह शुभता का प्रतीक है। इसके अस्त होने के बाद शुभ कार्य फलदायक नहीं होते।



5 माह तक सभी शुभ कार्य वर्जित : पं. कृष्णा

# स्कूलों के आसपास तम्बाकू बेचने पर 31 दुकानों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी शहर और मगरलोड में स्कूलों के आसपास तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वाली दुकानों पर निरीक्षण दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। स्कूलों के आसपास के 100 मीटर क्षेत्र में ऐसी 31 दुकानों पर छापामार कार्रवाई में तम्बाकू उत्पादन बेचते पाए जाने पर तीन हजार 250 रूपये का जुर्माना भी वसूल किया गया है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने यह कार्रवाई कोटपा एक्ट के प्रावधानों के तहत की है।

निरीक्षण दल ने धमतरी शहर के रामबाग, गोकुलपुर, रूद्री और कलेक्टोरेट के आसपास के इलाके में यह कार्रवाई की है। इसके साथ ही मगरलोड विकासखण्ड मुख्यालय में भी तम्बाकू उत्पादों के बिक्री पर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वाले लोगों के साथ-साथ कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वाले जनरल स्टोरों, पान दुकानों, चाय दुकानों और किराना दुकानों में की गई है। कार्रवाई के दौरान निरीक्षण दल ने सभी दुकानों में तम्बाकू नियंत्रण के लिए वैधानिक चेतावनी वाले बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गुटखा, तम्बाकू या तम्बाकू उत्पाद बेचने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक संदीप सूर्यवंशी, लुकेश साहू और सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार शामिल रहे।

# समर कैंप में सैकड़ों बच्चे क्रिकेट का हुनर सीख रहे





■ मैत्री विहार कॉलोनी में 40 दिवसीय ग्रीष्मकालीन क्रिकेट समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के सिहावा रोड स्थित मैत्री विहार कॉलोनी में 10 मई से 40 दिनों के लिए छोटे बच्चों एवं किशोर वर्ग के लिए ग्रीष्मकालीन क्रिकेट समर कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें शहर के सैकड़ों बच्चे क्रिकेट का हुनर सीख रहे हैं। कोच रघुवीर बघेल, सदाम राजा, महावीर पारख ने बताया कि सिहावा रोड जालमपुर स्थित स्काई टूफ स्पोर्ट्स कोर्ट में 10 मई से 40 दिवसीय कैंप आयोजित है, जिसमें 6 वर्ष के ऊपर के बच्चे, किशोर वर्ग क्रिकेट सीखने आ रहे हैं। कोच ने बताया कि समर कैंप में बच्चों के कौशल विकास को सुधार कर बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग के हुनर सिखा रहे हैं। बच्चों में खेल के नियम, क्रिकेट के प्रति जूनुन विकसित कर रहे हैं। स्काई टूफ स्पोर्ट्स कोर्ट में बच्चों को सुरक्षित और संचारित वातावरण में खेलने का अवसर मिला है, जहां चारों ओर नेट के घेरे में खेल रहे हैं। समर कैंप में ब्वायज और गर्ल्स के लिए अलग-अलग समय निर्धारित है।

# महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध : विभा

■ महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति ने शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुरानी कृषि मंडी प्रांगण में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर ने कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने गोद भराई और अन्नप्राशन जैसे महिला एवं बाल विकास विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिया और लाभार्थी महिलाओं व बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है। सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आम जनता को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। यह जनसरोकारों से जुड़ा हुआ एक अनूठी पहल है।



उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। शिविरों के जरिए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि योजनाओं का लाभ सीधा पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। हम सबको मिलकर समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। शिविर में निगम सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, एमआईसी सभापति श्रीमती हिमानी साहू, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती आशा लोधी एवं श्रीमती पूर्णिमा देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने हितग्राहियों से संवाद किया तथा शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया गया। अनेक नागरिकों को विभिन्न विभाग की योजनाओं के अंतर्गत प्रमाणपत्र, लाभांश एवं सामग्री वितरित की गई।







कैट तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय 16 मई को लेगा

# तुर्की और अजरबेजान की यात्राओं का पूर्ण बहिष्कार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, धमतरी के मेंबर सलज अग्रवाल, महेश जसूजा,धनराज लूनिया, रवि मुंजवानी, रामू वाधवानी, आकाश जसूजा, अशोक वाधवानी ने बताया कि कैट ने चीन, तुर्की तथा अज़रबेजान द्वारा पाकिस्तान का खुला समर्थन करने पर देश भर के व्यापारियों एवं लोगों से आह्वान किया है कि वे तुर्की तथा अज़रबेजान की यात्राओं का पूर्ण बहिष्कार करें। चीन को लेकर कैट विगत कई वर्षों से चीनी उत्पादों का बहिष्कार करने का अभियान चलाए हुए हैं, जिसका व्यापक असर पड़ा है। तुर्की एवं अजरबेजान की यात्राओं के बहिष्कार के संबंध में कैट ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स संगठनों सहित विभिन्न अन्य संबंधित वर्गों से सम्पर्क कर इस अभियान को तेज करेगा। उधर दूसरी ओर तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय 16 मई को कैट द्वारा नई दिल्ली में आयोजित देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया जाएगा।



कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने कहा कि यदि भारतीय नागरिक तुर्की और अज़रबेजान की पाकिस्तान के प्रति समर्थन के विरोध में इन देशों की यात्रा का बहिष्कार करते हैं, तो इसका इन देशों की अर्थव्यवस्था, विशेषकर पर्यटन क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

